**खबर संक्षेप**



## कलेक्टर ने की भगवान जगन्नाथ की पूजा

**कटनी।** नगर के प्राचीन भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी जी के मंदिर से निकलने वाली 143वीं रथ यात्रा के भव्य आयोजन के पुण्य अवसर पर कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने यहां जगन्नाथ चौक पहुंचकर भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की पूजा-अर्चना कर जिलेवासियों की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। कलेक्टर श्री यादव ने भगवान जगन्नाथ की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान कलेक्टर श्री यादव को मंदिर के पुजारी श्री चंद्रिका प्रसाद दुबे ने भगवान श्री जगन्नाथ का प्रसाद दिया और पीतांबरी गमछा ओढ़ाया। भगवान श्री जगन्नाथ की आरती के पश्चात कलेक्टर श्री यादव ने समिति के पदाधिकारियों के साथ जगन्नाथ रसोई घर का भी निरीक्षण किया और यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रथ यात्रा में पहुंचे कलेक्टर श्री यादव द्वारा यात्रा में शामिल होने आए कलाकारों से परिचय प्राप्त किया गया। इस दौरान एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा, तहसीलदार कटनी नगर बालकृष्ण मिश्रा सहित श्री जगन्नाथ मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद सरावगी सहित अन्य पदाधिकारी और प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## बाढ़ आपदा प्रबंधन की तैयारी बैठक 30 जून को

**कटनी।** बाढ़ आपदा प्रबंधन के संबंध में निगम प्रशासन द्वारा की जाने वाली आवश्यक तैयारियों के संबध में प्रभारी आयुक्त श्री शैलेश गुप्ता की मौजूदगी में सोमवार 30 जून को प्रातः 9 बजे से समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। इस संबंध में प्रभारी आयुक्त श्री गुप्ता द्वारा नगर निगम के कार्यपालन यंत्री, राजस्व अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, स्टोर शाखा प्रभारी, अग्निशमन अधिकारी, विद्युत प्रभारी सहित नगर निगम के समस्त सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं स्वच्छता निरीक्षकों को विभागीय तैयारियों की जानकारी के साथ बैठक में निर्धारित समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए है।

## रथ यात्रा के लेकर चला विशेष सफाई अभियान

**कटनी।** नगर की ऐतिहासिक जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए नगर सहित जुलूस मार्ग में विशेष सफाई अभियान चलाया जाकर कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया। श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जगन्नाथ स्वामी मंदिर के आसपास सहित जगन्नाथ चौक, ओव्हर ब्रिज के नीचे, आजाद चौक, शेर चौक, सुक्खन चौक, झंडा बाजार, कपडा बाजार,सुभाष चौक,सब्जी मंडी मार्ग में विशेष सफाई की जाकर कचरे के उठाव के साथ ही चूने की लाईनिंग कराई गई। इसके साथ ही जुलूस रूट मार्ग के अस्थाई अतिक्रमण एवं मार्ग के विभिन्न स्थलों में लगी पन्नी एवं तिरपाल को हटाने की कार्यवाही निगम के अतिक्रमण दस्ते के माध्यम से की गई। मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण हेतु निर्धारित कैलेंडर अनुसार चलाये जा रहे अभियान के तहत विगत दिवस नगीना मस्जिद मार्ग, जगन्नाथ चौक मार्ग, बाबली टोला एवं गाटर घाट की विभिन्न गलियों गांधी स्कूल के पीछे स्थित बस्ती, छैघरा बस्ती, नोबेल हार्ट स्कूल मार्ग सहित कैलवारा रोड मार्ग में ई-रिक्शा के माध्यम से फागिंग मशीन से धुआं छोड़ने की कार्यवाही की गई।

## वृद्ध के साथ मारपीट

**कटनी।** एक वृद्ध के साथ तीन लोगों ने मारपीट की। घटना बहोरीबंद थाना क्षेत्र के कूड़न गांव में हुई। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार कूड़न गांव निवासी मदन परौहा पिता कमला प्रसाद परौहा (65) के साथ गांव के ही मनीष परौहा, कृष्णकुमार परौहा और ममता परौहा ने मिलकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### जगन्नाथ महाप्रभु की 1100 दीपों से की गई महाआरती, दर्शन एवं पूजन अर्चन करने बड़ी संख्या में उमड़ी भक्तों की भीड़

# जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ निकली रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जय जय जगन्नाथ, जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ, के जयघोष के साथ शुक्रवार को जगन्नाथ चौक स्थित भगवान जगदीश स्वामी मंदिर से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का आगाज किया गया। रथयात्रा के पूर्व भगवान की 1100 दीपों से महाआरती की गई। आकर्षक रथ पर सवार भगवान की एक झलक पाने तथा पूजन अर्चन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुजनों की भीड़ रही। रथयात्रा में जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों, सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों सहित गणमान्य नागिरकों व आमजन भी शामिल हुए। शाम करीब 5 बजे जगन्नाथ महाप्रभु की रथ यात्रा की प्रारंभ हुई। रथयात्रा में छत्तीसगढ़ का आदिवासी लोक नृत्य एवं केरल के भक्ति बैंड आकर्षण का केंद्र रहें । रथयात्रा जगन्नाथ चौक से प्रारंभ होकर आजाद चौक, शेर चौक, जवाहर चौक, सुभाष चौक से होकर राधा कृष्ण मंदिर सब्जी मण्डी पहुंची। रथयात्रा मार्ग पर कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी जा रही थी।

जगन्नाथ यात्रा के दौरान पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा व्यवस्था की देखरेख करने के लिए वरिष्ठ अधिकारी भी भ्रमण करके परिस्थितियों का जायजा लेते रहे। रथ यात्रा मार्ग में तैनात की गई सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करने पुलिस अधिकारी दलबल के साथ निकले। उन्होंने यात्रा मार्ग पर भ्रमण करके व्यवस्था के सारे इंतजाम देखें। वरिष्ठ अधिकारी भी जुलूस मार्ग में हर समय तैनात रहकर संदिग्ध नजर आने वाले लोगों पर विशेष निगाह रखी जा रही थी। किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए सतर्कता बरती जा रही थी।

### 4 जुलाई को वापस लौटेंगे महाप्रभु

माता जानकी जी रूठे प्रभु को मनाने शोभा यात्रा के साथ 4 जुलाई को शाम 4 बजे जगन्नाथ चौक से शोभा यात्रा के साथ प्रस्थान करेगी। इसके बाद भगवान जगन्नाथ स्वामीजी की रथ यात्रा वापसी 4 जुलाई को राधा कृष्ण मंदिर, बिलैया तलैया सब्जी मंडी से शाम 7:00 बजे शुरू होगी। भगवान जगन्नाथ के अपने धाम में पहुंचने के बाद 6 जुलाई को शाम 6:00 बजे से बीबी आरएस परिवार द्वारा भजन संध्या आयोजित की गई है। रथ यात्रा महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रमों का समापन 7 जुलाई को विशाल भंडारा एवं महाप्रसाद के साथ होगा। भंडारा दोपहर 12:00 बजे से प्रभु इच्छा तक जारी रहेगा।

### रथयात्रा महोत्सव में व्यवस्था बनाये रखने अधिकारियों की ड्यूटी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी के 143वें रथयात्रा महोत्सव में शुक्रवार 27 जून से प्रारंभ होने वाली रथयात्रा से लेकर माता जानकी की शोभायात्रा, रथयात्रा वापसी, भजन संध्या एवं 7 जुलाई को आयोजित विशाल भण्डारा एवं महाप्रसाद तक होने वाले सभी कार्यक्रमों में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

सम्पूर्ण कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने का दायित्व प्रदीप मिश्रा अनुविभागीय दण्डाधिकारी कटनी को सौंपा गया है। इनके सह प्रभारी बी. के. मिश्रा तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्टेट तहसील कटनी (नगर) होंगे।

इसी प्रकार वाहन रैली एवं रथयात्रा के भ्रमण कार्यक्रम में कानून एवं शांति व्यवस्था हेतु अजीत तिवारी तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्टेट तहसील कटनी (ग्रामीण) की ड्यूटी लगाई गई है। जबकि आयोजन स्थलों पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने का दायित्व अतुलेश सिंह नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्टेट तहसील कटनी (नगर) का सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त वाहन रैली एवं रथ यात्रा के भ्रमण कार्यक्रमो में कानून एवं शांति व्यवस्था का दायित्व आकाशदीप नामदेव, अतिरिक्त तहसीलदार कटनी एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को सौंपा गया है।कार्यक्रम के दौरान सम्पूर्ण व्यवस्था के प्रभारी श्री प्रदीप कुमार मिश्रा, अनुविभागीय दण्डाधिकारी कटनी होंगे एवं आवश्यकतानुसार अन्य कर्मचारियों की डियूटी आदेश अपने स्तर से जारी करेगें। श्री मिश्रा को समय-समय पर शांति व्यवस्था की स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं तथा सुरक्षा व्यवस्था के प्रभारी नगर पुलिस अधीक्षक कटनी होंगे। कटनी जिला क्षेत्रान्तर्गत समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुभाग दण्डाधिकारी अपने अनुभाग क्षेत्र में आयोजित उक्त कार्यक्रम की कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पृथक से कार्यपालिक दण्डाधिकारी की डियूटी लगाना सुनिश्चित करने तथा कानून एवं शांति व्यवस्था की सतत निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं।

*ढीमरखेड़ा पुलिस ने की कार्रवाई, बदमाशों को कोर्ट में किया पेश*

# दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा, चोरी के जेवरात एवं बाइक किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



ढीमरखेड़ा पुलिस दो अलग अलग चोरी के प्रकरण में सोने चांदी के जेवरात एवं मोटरसाइकिल बरामद कर आरोपियों को गिरफतार किया है। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद ने बताया कि 26 जून 25 को मुकेश यादव पिता दुलारे प्रसाद यादव उम्र 21 साल निवासी ग्राम उमरपानी थाना ढीमरखेडा जिला कटनी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई की 20 जून 25 को वह अपने परिवार के साथ बाहर गया था, घर पर कोई नही था। किसी अज्ञात व्यक्ति ने घर का ताला तोडकर सोने चांदी के जेवर व नगदी पैसा चोरी कर लिया है। उक्त मामले को लेकर संदेही मोहन पिता दुलारे यादव उम्र 29 साल निवासी ग्राम उमरपानी से कडाई से पूछताछ की गई। जिसके द्वारा जुर्म करना स्वीकार किया गया एंव चोरी का मशरूका सोने चांदी के जेवर किमती 45000 रूपये आरोपी के कब्जे से बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

एक अन्य प्रकरण में विष्णु सेन पिता रामदास सेन द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई की 26 जून 25 को खंदवारा मोड रोड के किनारे खड़ी उसकी मोटरसाइकिल प्लैटिना गाड़ी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई है।

शिकायत की विवेचना के दौरान संदेही राहुल वंशकार पिता परसादी वंशकार उम्र 29वर्ष नि. ग्राम जख्तर थाना बंडा जिला सागर से पूछताछ की गई। जिसके द्वारा जुर्म करना स्वीकार किया गया। आरोपी के कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल प्लैटिना कीमती 60000 की जप्त की गई। दोनो प्रकरण के आरोपियों को गिरफतार कर न्यायालय पेश किया गया है।

पुलिस कार्यवाही में मुख्य रूप से थाना प्रभारी निरी. मोहम्मद शाहिद, उनि सुरेश चौधरी, स.उनि जयचंद उईके, आर. पंकज सिंह, आर. अजय धुर्वे, आर. जागेश्वर कुंजाम का विशेष योगदान रहा।

### महाविद्यालय में मनाया गया नशा मुक्त पखवाड़ा



शासकीय महाविद्यालय बरही में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत 12 जून से 26 तक जून नशा मुक्त पखवाड़ा मनाया गया। शुक्रवार को महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर आर. के. त्रिपाठी ने विद्यार्थिओं को नशा एवं उसके दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। वहीं डॉ. आर. जी. सिंह ने नशे को आज के समाज के लिये बहुत बड़ी चुनौती बताया। जबकि प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. के. के. निगम ने कहा कि हमें सिर्फ अपने भविष्य निर्माण हेतु अधिक से अधिक मेहनत करने और देश के विकास में अपना योगदान देने का नशा होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति हेतु समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. मंजुलता साहू, डॉ. शिवानी बर्मन, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ.नीलम चतुर्वेदी, डॉ. रूपा शर्मा उपस्थित रहे।

# लापरवाही एवं अनुशासनहीनता पर निलंबित सचिव की सेवा हुई समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत चपना के निलंबित सचिव सुखचैन सिंह धुर्वे को सेवा से मुक्ता करने का आदेश जारी किया है। सीईओ श्री गेमावत ने यह कार्यवाही जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के सीईओ द्वारा प्रस्तुत विभागीय जांच प्रतिवेदन के बाद की है।

श्री धुर्वे को ग्राम पंचायत चपना में पूर्व सरपंच के सहयोग से मनरेगा अंतर्गत वृक्षारोपण कार्य गुणवत्ता विहीन करवाने, रखरखाव न करने, जांच में सहयोग न करने, कपिलधारा कूप निर्माण कार्य में मजदूरी के भुगतान में लापरवाही बरतने, मनरेगा अंतर्गत प्राप्त राशि से अधिक राशि व्यय करने, कूटरचित बिल बाउचर तैयार कर राशि गवन करने के आरोप में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा निलंबित कर विभागीय जांच हेतु जिला पंचायत के सीईओ, सीईओ जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ एवं प्रस्तुतकर्ता समाज शिक्षा संगठक को नियुक्त किया था।

### इसलिए हुई कार्रवाई

सीईओ जनपद पंचायत के द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन का परिशीलन करने पर पाया गया कि श्री धुर्वे द्वारा 5 वर्षों में न तो शासन हित में राशि जमा की गई और न ही जीवन निर्वाह भत्ते में से समायोजन किया गया। श्री धुर्वे का यह कृत्य शासकीय कार्य में घोर लापरवाही, शासकीय राशि का अपभक्षण, अनुशासनहीनता एवं वरिष्ठ कार्यालय के आदेशों की अवहेलना मध्य प्रदेश पंचायत सेवा (आचरण) नियम के तहत पदीय दायित्वो के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है। जिसके बाद सीईओ श्री गेमावत ने मध्य प्रदेश पंचायत सेवा के नियम 2011 के नियम 3(ख) में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए मध्य प्रदेश पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के नियम 5 (ख) (सात) में वर्णित प्रावधानों के तहत निलंबित सचिव श्री धुर्वे को सेवा से मुक्त कर दिया।

*आवागमन में ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को हो रही परेशानियां*

# खुदाई के बाद ठेकेदार ने नहीं कराई मरम्मत, बारिश में कीचड़ से सनी सड़क



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

हरदी से अमकुही गांव को जोड़ने वाली सड़क बारिश होने से दलदल में तब्दील हो गई है। जिसके चलते ग्रामीणों आवागमन में परेशानी हो रही है। वहीं स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को भी स्कूल पहुँचने में दिक्कतें हो रही है।

### बारिश में हो रही परेशानी

ग्रामीणों ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई गई जल जीवन मिशन योजना के तहत ठेकेदार के द्वारा कार्य किया गया है। सड़क की खुदाई की गई। खुदाई के बाद सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई।जिसके कारण सड़क बारिस में कीचड़ से मच गई है।

### फिसलकर गिर रहे लोग

सड़क पर कीचड़ होने से लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो गया है। दो पहिया वाहनों के निकलने से भी कीचड़ उछलता हैं। चालक कीचड़ में फिसल रहे है। स्कूली बच्चों को ज्यादा परेशानी हो रही है। स्कूल तक पहुँचने के लिए उन्हें कीचड़ से होकर जाना पड़ता है, ऐसे में बच्चे स्कूल जाने से कतराते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की खुदाई के बाद ठेकेदार के द्वारा मरम्मत नहीं कराई गई,इसकी शिकायत ग्रामीणों ने अनेकों दफा अधिकारियों से किया, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कार्रवाई नहीं की गई।

### महापौर ने कहा जलभराव की शिकायत प्राप्त होते ही शीघ्रता से करें प्रयास

# जलभराव की समस्या से निपटनें अलर्ट मोड़ रहें अधिकारी कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



वर्षा ऋतु के दौरान नगर के मुख्य मार्गो एवं निचली बस्तियों में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो इस हेतु निगम के अधिकारी कर्मचारी अलर्ट मोड पर रहकर पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करें। साथ ही कंट्रोल में जलभराव से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होनें पर उसके त्वरित निराकरण हेतु मजबूत सूचना तंत्र रखा जाए ताकि प्राप्त शिकायत को संबधित अधिकारी के पास तत्काल प्रेषित कर पानी निकासी के समुचित प्रयास किए जा सकें। यह निर्देश महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें बाढ़ नियंत्रण हेतु गठित दल के अधिकारी-कर्मचारियों को दिये है।

महापौर श्रीमती सूरी ने शहर में कहीं भी जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो इस हेतु नगर के चिन्हित जलभराव वाले क्षेत्रों के नालों एवं अन्य संवेदनशील क्षेत्रों का प्राथमिकता के साथ निरीक्षण करते हुए मानव संसाधन एवं आवश्यक मशीनरी के माध्यम से वर्षा जल निकासी के समस्त आवश्यक इंतजाम समय रहते पूर्ण करने के निर्देश भी दिए है। महापौर श्रीमती सूरी ने जलभराव की शिकायत प्राप्त होने पर उसके निराकरण हेतु निगम के स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता दूतों की एक टीम मय उपकरण के साथ पृथक से तैयार रखने के भी निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए है।

महापौर ने बाढ़ नियंत्रण हेतु गठित दल के अधिकारियों को अतिवृष्टि के दौरान निरंतर निचली बस्तियों पर नजर रखनें तथा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के चिन्हित घाटों एवं पुल-पुलियों में आवश्यक चेतावनी बोर्ड स्थापित करानें, निर्माण कार्यो के दौरान खुले गढ्डों की फिलिंग करनें सहित जर्जर भवनों को चिन्हित कर सुरक्षा व्यवस्था हेतु नियमानुसार समस्त आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कराने के निर्देश दिए है।

सुगम यातायात को दृष्टिगत रखते हुए मिशन चौक, सागर पुलिया सहित नगर के अन्य ऐसे मार्ग अथवा पुल पुलिया जहां अतिवर्षा के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न होने से यातायात बाधित होने की समस्या निर्मित होती है उक्त स्थलों पर वर्षाजल निकासी की समुचित व्यवस्था हेतु मोटर पंप स्थापित कराकर वर्षा जल निकासी कराने, मौसमी बीमारियों के नियंत्रण हेतु वार्डो में विशेष साफ सफाई के साथ ही कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव करानें के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को दिए है।

# जल संरक्षण के लिए जलस्त्रोतों के संरक्षण व संवर्धन का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राज्य शासन द्वारा चलाये जा रहे प्रदेशव्यापी जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले भर में जल संरचनाओं का निर्माण, संरक्षण, संवर्धन एवं जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत जिले में मनरेगा योजना के तहत अब तक 1945 खेत तालाब एवं 1700 रिचार्ज पिट बनाए जा चुके हैं। इन जल संरचनाओं के निर्माण से न केवल भू-जल स्तदर में वृद्धि होगी। बल्कि कम बारिश की स्थिति में किसान इनमें संचित जल का उपयोग कर फसलों की सिंचाई कर सकेंगे। इसके अतिरिक्तक खेत तालाब में मछली पालन कर किसान अतिरिक्त आय भी अर्जित कर रहें है।

ग्राम पंचायत खम्ह.रिया नं. 1 की निवासी दूलनबाई विश्व्कर्मा को 4 लाख 22 हजार रूपये की लागत से खेत तालाब स्वीनकृत किया गया है। जबकि राजेश विश्वाकर्मा को 1 लाख 47 हजार रूपये के लागत से बनने वाले खेत तालाब की स्वी कृति मिली है। इसके अलावा प्रभू प्रहलादी को रिचार्ज पिट की स्वीसकृति मिली है। इस रिचार्ज पिट के निर्माण से भू-जलस्तर में वृद्धि होगी।

किसान अपने खेतों में खेत तालाब बनवाने के लिए स्वयं रूचि ले रहे हैं और आगे बढ़कर सहभागिता कर रहे हैं। ताकि खेत तालाब में वर्षा जल संचित हो सके और भू-जल स्तर में बढ़ोतरी हो और किसानों को फसल उत्पादन में लाभ मिले।

## खबर संक्षेप

### आउटर में बदमाशों ने ट्रेन में किया पथराव

**कटनी।** कटनी रेलवे स्टेशन आ रही गाड़ी संख्या 12268 रीवा इतवारी एक्सप्रेस व कटनी से सतना के लिए रवाना हुई गाड़ी संख्या 22177 महानगरी एक्सप्रेस में खिरहनी फाटक आउटर पर अज्ञात बदमाशों ने पथराव कर दिया। पथराव से एक महिला यात्री घायल हुई है तो वहीं खिड़कियों के कांच टूट गए है। पथराव की घटना सामने आने के बाद मंडल कार्यालय जबलपुर तक हड़कंप मच गया है। आरपीएफ व जीआरपी कटनी स्टेशन के आउटर से लेकर पटवारा स्टेशन तक तैनात की गई है। आरपीएफ ने कुछ संदेहियों को दबोचा भी है। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 12268 रीवा-इतवारी एक्सप्रेस कटनी रेलवे स्टेशन आ रही थी। इसी दौरान पटवारा से कटनी के बीच अज्ञात लोगों ने ट्रेन के एस-1 व एस-3 कोच में पथराव कर दिया। पथराव के बाद ट्रेन में मौजूद ट्रेन स्टॉफ ने ट्रेन में ही घायल यात्री का प्राथमिक उपचार किया तो वहीं घायल महिला को जबलपुर में उपचार प्रदान किया गया। हालांकि इस पथराव की सूचना समय रहते कटनी स्टेशन व आरपीएफ को नहीं मिली, जिसके चलते महिला को जबलपुर में उपचार मिला। इसी तरह की घटना कटनी रेलवे स्टेशन से सतना की ओर रवाना हुई गाड़ी संख्या 22177 महानगरी एक्सप्रेस में हुई। खिरहनी फाटक आउटर पर अज्ञात लोगों ने पथराव किया, जिससे बी-6 कोच की खिड़की का कांच क्षतिग्रस्त हो गया। हालाकि सीट पर बैठा यात्री बाल-बाल बच गया। ट्रेन के मानिक स्टेशन पहुंचने पर आरपीएफ ने यात्रियों से घटना की जानकारी ली।

### राज्य अधिवक्ता परिषद में 600 अधिवक्ताओं को किया गया नामांकित

**कटनी।** एड अंजुला सरावगी बजाज जिला प्रतिनिधि शिकायत निवारण समिति ने बताया कि राज्य अधिवक्ता परिषद में नामांकन समिति-ए की बैठक आयोजित की गई। नामांकन समिति ए में परिषद के वाईस चेयरमेन आर. के सिंह सैनी, राजेश कुमार शुक्ला, एवं कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी उपस्थित रहे। नामांकन समिति-ए के द्वारा अधिवक्ताओं के हितार्थ कार्य करते हुये नवीन नामांकन आवेदन फॉर्मों पर विचारोपरांत लगभग 600 नामांकन आवेदनों पर अपने हस्ताक्षर से पंजीयन कर मुहर लगाकर नये अधिवक्ताओं को नामांकित किया गया व 2 सनद पुर्नबहाली कर मुहर लगाई गई। बैठक के दौरान अधीक्षक लालमणि कुशवाहा, देवेन्द पाण्डेय, प्रणय खरे, अंकित सेन, सागर शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे। श्री सैनी ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद में नामांकन समिति ए की बैठक आयोजित की गई जिसमें लगभग 600 अधिवक्ताओं के नामांकन किये गये। बैठक के दौरान परिषद के वाईस चेयरमेन आर. के सिंह सैनी, राजेश कुमार शुक्ला, कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी, प्रेम सिंह भदौरिया एवं दिनेश नारायण पाठक, अंजुला सरावगी बजाज, संदीप दुबे एड राकेश यादव एड राजेश सिंह एड अक्षय बजाज एड मगलजीत सिंह एड अनुराग गुप्ता विपिन चक्रवर्ती ने नए अधिवक्ताओं को बधाई दी।

### सम्मिलन निर्धारित एजेंडो में हुई विस्तृत चर्चा

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी का 19 मई का स्थगित सम्मिलन शुक्रवार को निगमाध्यक्ष मनीष पाठक की अध्यक्षता में प्रारंभ किया गया। बैठक प्रारंभ होने पर सदन में निर्धारित एजेंडों पर विस्तृत चर्चा प्रारंभ की गई । चर्चा उपरांत सी0एल0पाठक वार्ड स्थित औषधालय के खुलने के उपरांत बंद करने के समय में वृद्धि करने एवं आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराये जाने , स्व0 पन्नालाल बजाज मार्ग का नामकरण, विभागीय सलाहकार समिति की बैठक समय पर न बुलाये जाने, बिना अनुमति/अवैध निर्माण के संबंध, छपरवाह स्थिति गार्डन को अन्य प्रयोजन हेतु न देने के संबंध में अन्य विषयों पर चर्चा उपरांत निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। अंत में नगर पालिक निगम कटनी में कार्यरत कर्मचारी श्री मुकेश दुबे एवं अनुराग जायसवाल के आकस्मिक निधन होने पर गतआत्मा को शांति प्रदान करने हेतु दो मिनट का मौन रख कर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।

## कलेक्टर ने घुमंतु गोवंश को गोशालाओं में पहुंचाने की व्यवस्था के दिए निर्देश

# ..तो पशु मालिकों पर दर्ज कराएं एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



सर्पदंश पीड़ित को पूरी संवेदनशीलता और सजगता के साथ त्वरित उपचार मुहैया कराने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में एंटी वेनम इंजेक्शन की उपलब्धता रहे। यह भी सुनिश्चित हो कि सर्पदंश या जहरीले कीड़े के काटने से प्रभावित व्यक्ति को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए सहजता से वाहन की उपलब्धता हो। इसके लिए सभी जनपद पंचायत के सीईओ, थाना प्रभारी, संबंधित सरपंच, सचिव व आशा कार्यकर्ता के बीच बेहतर तालमेल रहे, ताकि सर्पदंश पीड़ित को बिना समय गवाएं त्वरित उपचार मिल सके। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने यह निर्देश शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा और वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा खासतौर पर मौजूद रहे।

बैठक में अपर कलेक्टर साधना परस्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहेरिया, सभी एसडीएम, जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक, सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारी, संयुक्त कलेक्टर संस्कृति लटोरिया, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता मौजूद रहे।

कलेक्टर ने बैठक में हाइवे व मुख्य मार्गों में घुमन्तु गौवंशों को गौशालाओं और गौ-आश्रय स्थलों में पहुंचाने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 108 एंबुलेंस सेवा, डायल 100 वाहनों के अलावा पंचायत स्तर से सर्पदंश और जहरीले कीड़े काटने के प्रभावितों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में पहुंचाने की पुख्ता व्यवस्था हो, ताकि गोल्डन आवर में सर्पदंश प्रभावित का उपचार शुरू हो सके। सर्पदंश प्रभावित व्यक्ति के परिजन 108 और 100 डायल के अलावा कलेक्ट्रेट स्थित जिला कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 07622-220071 और 220072 पर सूचना दे सकते हैं।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया है कि वे झाड़-फूक करने वाले बाबाओं, गुनिया, ओझा तथा झोलाछाप डाक्टर पर कार्यवाही करें, ताकि प्रभावितों को बिना समय गवायें उपचार मिल सके। कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि वे अस्पतालों के स्टाफ को प्रशिक्षण दें। साथ ही सीएचसी और पीएचसी अस्पतालों में प्रशिक्षित स्वास्थकर्मी की 24 घंटे उपलब्धता सुनिश्चित करने की हिदायत दी।

कलेक्टर ने ताकीद किया कि सर्पदंश से मौत की ऑडिट होगी और सर्पदंश पीड़ित की मौत के लिए दोषी व्यक्ति की जवाबदेही तय होगी और कार्यवाही की जायेगी। इसके लिए जिला प्रशासन, पुलिस और अस्पताल के अधिकारियों की टीम बनाई जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि स्थानीय स्तर पर सांप पकड़ने वाले सर्प मित्र की मोबाइल संपर्क सूची वन विभाग से प्राप्त कर संबंधित पुलिस थाना और जिला कंट्रोल रूम में रखी जाय।

कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग, हाइवे और मुख्य सड़क मार्गों में गौवंश के स्वच्छंद विचरण और बरसात के मौसम में पशुओं के सड़कों में जमावड़े से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम और गौवंश को सुरक्षित गौशालाओं और गौ आश्रय स्थलों में पहुंचाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आश्रय-स्थलों में भूसा-चारा और पानी का समुचित प्रबंध होना चाहिए।

कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि बरसात के मौसम में अधिकतर मवेशी सड़कों पर बैठते हैं जो दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बनते हैं। साथ ही जानवर भी कई बार हादसे का शिकार होकर या तो मर जाते हैं या फिर दुर्घटना के कारण भयावह पीड़ा और कष्ट झेलते हैं। इसके लिए कलेक्टर ने नेशनल हाइवे, नगर निगम क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त वाहनों की तैनाती की हिदायत दी। ताकि घायल पशुओं को इलाज हो सके और मृत गोवंश का नियमानुसार निपटान हो। उन्होंने कहा कि स्थानीय व्यवस्था के अनुसार अधिकारी अस्थायी तौर पर भी गौ आश्रय स्थलों की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। सड़कों में पशुओं को छोड़ने वाले पशु मालिकों के विरूद्ध एफआईआर व जुर्माना की कार्यवाही की जाये।

# ताला तोड़कर लाखों के जेवर व नकदी किये पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बदमाशों ने एक रिटायर्ट फौजी के घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरो ने लाखों के जेवरात सहित नकदी रूपए भी पार कर दिये। वारदात निवार चौकी क्षेत्र की है। चोरी की जानकारी परिवार के लोगों को तब हुई जब परिवार कार्यक्रम मे शामिल होनें के बाद बापस लौटे। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौका मुआयना कर चोरों की पतासाजी का प्रयास कर रही है।

### घर लौटे तो टूटा मिला ताला

सेवानिवृत्त फौजी धर्मराज गोस्वामी निवासी निवार रेलवे स्टेशन के पास ने बताया कि 26- को लगभग 10 बजे दिन मे घर के सभी लोग कार्यक्रम मे शामिल होनें के लिए तखला गए थे। सुबह करीब 10 बजे यह अपने भाई के यहां कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। तखला गांव कार्यक्रम बाद शाम को जब वह घर लौटे तो उनके घर के कमरों में दरवाजा का ताला टूटा मिला। परिवार के लोगों ने देखा कि कमरों में रखी अलमारी, लॉकर व बक्सों के ताले टूटे हैं। इसमें रखे करीब लाखो रुपये के जेवरात व 30 हजार की नकदी गायब है। दिन में चोरों ने रैकी लगभग 12 से 1:00 बजे के बीच इस सुने मकान का ताला तोड़ दिया। निवार चौकी पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। कटनी शहर में एक बार फिर चोरों का आतंक लोगों के घरों में छाने लगा ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरी क्षेत्र में भी चोरी जैसी वारदात सामने आने लगी। जांच के दौरान चोरों के बारे में प्रथम दृष्टया सुराग नहीं लग सका है। जांच की जा रही है।

## नए कपड़े पाकर खिले बच्चों के चेहरे में आई मुस्कान

# कलेक्टर ने पथवारी आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को दिया टी-शर्ट और लोवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



विकासखण्ड बड़वारा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पथवारी के केन्द्र क्रमांक 2 में पहुंच कर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने यहां दर्ज सभी 30 बच्चों को टी-शर्ट और लोवर प्रदान किया। ताकि सभी बच्चे एक ड्रेस कोड यूनिफार्म में आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचे। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत, पर्यावरणविद् एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह सहित बड़वारा तहसीलदार संदीप सिंह ठाकुर मौजूद रहें।

कलेक्टर श्री यादव का पथवारी के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 में पहुंचने पर 4 वर्षीय माही सिंह और मानवी ने टीका लगाकर कलेक्टर का अभिनंदन किया। इसके बाद कलेक्टर श्री यादव ने आंगनबाड़ी केन्द्र में प्रतीक स्वरूप विष्णु सिंह और लक्ष्मी गोस्वामी सहित सभी 30 बच्चों को टी-शर्ट व लोवर प्रदान किया। इस आंगनबाड़ी केन्द्र को मानव जीवन विकास समिति ने गोद लिया हुआ है। समिति के ही सौजन्य से गुरुवार को बच्चों को टी-शर्ट, लोवर भेंट किया गया।

मानव जीवन विकास समिति के सचिव श्री सिंह ने बताया कि पथवारी आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 का रंग रोगन कर आकर्षक और रोचक बनाया जाएगा तथा आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए जरूरी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास समिति द्वारा किया जाएगा। यहां निर्भय सिंह ने बताया कि मानव जीवन विकास समिति द्वारा पहले भी विकासखण्ड बड़वारा की 10 आंगनबाड़ी केन्द्रों को गोद लिया जा चुका है। यहां बच्चों को बैठने और लिखने-पढ़ने के लिए टेबल, कुर्सियां विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक चार्ट गिनती पहाड़ा सिखाने वाले पाठ्य सामग्रियां और विविध प्रकार के खिलौने भी प्रदान किये गए हैं।

इस मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाईजर प्रवीण बानो और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शुभा गोस्वामी मौजूद थीं।

## शासकीय भूमि में किये गए अतिक्रमण को हटवाया



शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में शुक्रवार को ग्राम झिंझरी तहसील कटनी नगर स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 1266 पर अवैध रूप से निर्मित सड़क को जेसीबी मशीन से खुदवा कर हटाया गया। एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि शासकीय मध्य प्रदेश शासन की जमीन पर अवैध रूप से निर्मित रास्ते जो कि मुरूम एवं गिट्टी डालकर के बनाया गया था। उसे मौके पर जेसीबी मशीन के द्वारा खुदवा करके नष्ट कर दिया गया है। श्री मिश्रा के मुताबिक अतिक्रमण मुक्त कराईं गई इस शासकीय भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य करीब 20 लाख रुपए है। बताया गया कि हल्का पटवारी अमित कनकने ने मौके पर मौजूद रहकर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया है।

# इलाज कराने कटनी आ रही महिला हो गई लापता

## काफी तलाश के बाद भी नहीं मिलने पर थाना में दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



एक महिला अचानक से लापता हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल पाया। थक हारकर परिजन पुलिस थाना पहुंचे तथा महिला के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार बरही थाना क्षेत्र के ग्राम धवैया निवासी बसंत लाल साहू ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी दुर्घटिया बाई 21 जून को ग्राम धवैया से इलाज कराने के लिए कटनी के लिए निकली थी। कटनी में उसका पुत्र रहता है जब दुर्घटिया बाई कटनी नहीं पहुंची तो परिजनों ने उसकी तलाश करना शुरू किया। काफी पतासाजी के बाद भी महिला का कोई भी अता पता नहीं मिल पाया। इसके बाद परिजन थाना पहुंचे और महिला के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए महिला की पतासाजी का प्रयास शुरू कर दिया है।

### साढ़े 5 करोड़ रूपये से अधिक के ऋण एवं स्वीकृति पत्र किए गये वितरित

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को रतलाम में रीजनल इण्डस्ट्री स्किल एंड एम्प्लायमेंट (RISE) कॉनक्लेव का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को कटनी कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में वर्चुअली देखा व सुना गया। इस कार्यक्रम के तहत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यकम का आयोजन किया गया। जहां एमएसएमई प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 24 इकाईयों को लगभग 5 करोड़ 47 लाख 41 हजार 717 रूपये एवं विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के 5 हितग्राहियों को राशि 27 लाख 75 हजार रूपये के ऋण के स्वीकृति पत्र वितरित किये गये। कार्यकम के दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहान, सहायक प्रबंधक राजेश पटेल एवं अधिकारीगण, मौजूद रहे। इसके अलावा नगर निगम, अल्पसंख्यक पिछडा वर्ग, अंत्यारवसायी निगम के प्रतिनिधि एवं लाभांवित इकाईयों जैसे मेसर्स सुखसागर फूड प्रोडक्ट, मेसर्स श्रीयतिराज एग्रो, मेसर्स मां शारदा वॉलकेयर, मेसर्स विजिम इण्ड, आदि फर्मों के उद्योगपति उपस्थित रहे।

## मोहर्रम पर्व को लेकर प्रशासनिक स्तर पर की गई तैयारियां

# कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने अधिकारियों की लगी ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर मोहर्रम पर्व के कार्यकम को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की डयूटी लगाई गई है। मोहर्रम पर्व शुक्रवार 27 जून से आरंभ होकर 6 जुलाई तक या 28 जून से प्रारंभ होकर 7 जुलाई तक (चांद दिखाई देने के अनुसार) मनाया जाएगा।

### इन की लगी ड्यूटी

सम्पूर्ण कानून एवं शांति व्यवस्था का दायित्वर प्रदीप मिश्रा अनुविभागीय दण्डाधिकारी कटनी को सौंपा गया है। इनके सह प्रभारी बी. के. मिश्रा तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तहसील कटनी (नगर) होंगे।

इसी प्रकार शहर में निकलने वाले जुलूस कार्यकमों में उपस्थित रहकर कानून एवं शांति व्यवस्था की जिम्मेनदारी राकेश अहिरवार अधीक्षक एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भू-अभिलेख कार्यालय कटनी, अजीत तिवारी तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तहसील कटनी (ग्रामीण) एवं आकाशदीप नामदेव, अतिरिक्ति तहसीलदार कटनी एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को दी गई है।

कार्यकम अनुसार कब्रिस्तान, करबला, मस्जिदो इत्यादि में प्रमुख कार्यकम होने पर कानून एवं शांति व्यवस्था हेतु अतुलेश सिंह नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तहसील कटनी (नगर), रामटेके हर्षवर्धन सहायक अधीक्षक एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भू अभिलेख कार्यालय कटनी, गौरव पाण्डेय तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नजूल कार्यालय कटनी की ड्यूटी लगाई गई है।

इस कार्यक्रम के दौरान सम्पूर्ण व्यवस्था के प्रभारी प्रदीप कुमार मिश्रा, अनुविभागीय दण्डाधिकारी कटनी होंगे एवं आवश्यकता पड़ने पर अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी सहयोग हेतु पृथक से आदेश जारी कर लगायेगें। श्री मिश्रा को समय-समय पर शांति व्यवस्था की स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं। सूरक्षा व्यवस्था के प्रभारी नगर पुलिस अधीक्षक कटनी रहेगी। समस्त कार्यपालिक मजिस्टेट एवं अधिकारीगण सौंपे गये कार्यो को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण सम्पादित करेगें।

कटनी जिला क्षेत्रान्तर्गत समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुभाग दण्डाधिकारी अपने अनुभाग क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम की कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पृथक से कार्यपालिक दण्डाधिकारी की डियूटी लगाना सुनिश्चित करेंगे तथा कानून एवं शांति व्यवस्था की सतत निगरानी करना सुनिश्चित करेंगे।

## जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर ने सुनीं 62 ग्रामीणों की समस्यायें

# जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों ने की जमीन संबंधी अधिकांश शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





कलेक्टर दिलीप कुमार यादव गुरुवार को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत भजिया में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे। यहाँ उन्होंने 62 ग्रामीणों की समस्याएं सुनी एवं अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत, एसडीएम कटनी शप्रदीप कुमार मिश्रा, जिला पंजीयक पंकज कोरी, जिला श्रम अधिकारी के बी मिश्रा, तहसीलदार संदीप सिंह ठाकुर, नायब तहसीलदार सुश्री अनुराधा सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

लोक सुनवाई के दौरान ग्राम भजिया निवासी उमेश कुमार चौधरी पिता कमला चौधरी ने मकान का पट्टा दिलाये जाने की मांग करते हुए बताया कि मैं मजदूरी करके जीवन यापन करता हूँ एवं मेरा मकान पिछले 20 वर्षों से शासकीय भूमि पर बना है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने एसडीएम को निश्चित समयावधि में कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार धनगवां निवासी भागवत लाल यादव ने पट्टा दिलाने की मांग करते हुए कहा कि मैं पिछले कई वर्षों से शासकीय भूमि पर काबिज हूँ। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने तहसीलदार को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

लोक सुनवाई में ग्राम भुइया निवासी शिवशंकर कुशवाहा ने बताया कि मैं मजदूरी करके जीवनयापन करता हूँ। परंतु, गरीबी रेखा में मेरा नाम नहीं जुड़ा है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने एसडीएम को समय-सीमा में पात्रतानुसार नाम जोड़ने के निर्देश दिए।

लोकसुनवाई के दौरान भजिया निवासी परंगी कुशवाहा ने आवेदन देते हुए कहा कि वर्ष 2008 में मैंने जमीन खरीदी थी। इस जमीन पर मैं तब से लगातार कृषि कर रहा हूँ। मैंने नक्शा सुधार हेतु आवेदन दिया था। परंतु अभी तक नक्शा सुधार नहीं हो पाया है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने एसडीएम को निश्चित समयावधि में नक्शा सुधार करने के निर्देश दिए।

लोक सुनवाई में काछी मुकाम निवासी रामकिशोर, शिवकुमार एवं भैयालाल ने कहा कि भजिया, छपरवाह और धनगवां में स्थित हमारी भूमि के भू-अभिलेखों में हम भाईयों के साथ बहनों का नाम भी दर्ज है। चूंकि हमारी चारों बहने रामकली, मुन्नीबाई, जानकीबाई एवं कान्तीबाई कोई हिस्सा नहीं लेना चाहती इसलिए इन भू-अभिलेखों से बहनों का नाम खारिज किया जाय। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने राजस्व विभाग को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### विधिक साक्षरता शिविर 1 व 2 जुलाई को

**कटनी।** ग्राम पंचायत पहाड़ी में मंगलवार 1 जुलाई को एवं विकासखंड बड़वारा के ग्राम पंचायत बड़वारा में बुधवार 2 जुलाई को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया है। एसडीएम कटनी श्री प्रदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि यह शिविर शाम 4 बजे से संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में आयोजित होगा। शिविर में आमजनों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। साथ ही समस्तट विकासखंड स्तयरीय अधिकारी निर्धारित समय पर उपस्थित रहेंगे।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

## खबर संक्षेप

### श्री जगन्नाथ रथ यात्रा की पूर्व संध्या पर भजन संध्या सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

**सामाजिक साहित्यिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्था के तत्वाधान में लवकुश वाटिका में हुआ कार्यक्रम**

**पन्ना।** सामाजिक साहित्यिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्था जिला पन्ना के तत्वाधान में श्रीश्री 1008 श्री जगदीश स्वामी रथ यात्रा महोत्सव की पूर्व संध्या पर 26 जून 2025 को पवित्र नगरी पन्ना के लवकुश वाटिका में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रथम चरण में शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक भक्तिमय कार्यक्रम तथा रात्रि 8 बजे से 9 बजे तक साहित्यकार पत्रकार कलाकार एवं समाजसेवी जनों का सम्मान एवं 9 बजे से 11 तक कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी मनोज केसरवानी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमाशंकर मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार एकता मंच के अध्यक्ष शिवकिशोर पाण्डेय के द्वारा की गई। गरिमामयी कार्यक्रम में अतिथि गणों के सम्मान में कार्यक्रम के संयोजक लक्ष्मी नारायण चिरोलया ने स्वागत भाषण प्रस्तुत कर अतिथियों का पुष्पमाला शाल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मान किया। इस अवसर पर प्रतिभा सम्मान के तहत 80 साहित्यकार पत्रकार कलाकार समाजसेवी जनों को मंच पर विराजमान अतिथि गणों के द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया।

**इनकी रही उपस्थित-**

कार्यक्रम में संजय सिंह राजपूत, राजेश रावत, वीरेंद्र सिंह यादव, संतोष तिवारी, सुनील अवस्थी, राजेंद्र कुशवाहा, सलीम खान, केके टेलर, राजकुमार वर्मा, राजमती केसरवानी, पूरनलाल कोरी, रोहित शर्मा, प्रमोद पाठक, धर्मप्रेमी, गणमान्य नागरिकों सहित काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

### टाइगर रिजर्व के एक किमी एरिया के गांवों के मवेशियों का होगा वैक्सीनेशन

# एक जुलाई से पर्यटकों के लिए 3 माह के लिए बंद हो जाएगा टाइगर रिजर्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तेंदूखेड़ा





तीन जिले की सीमा में फैले हुए वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व तीन दिन बाद 1 जुलाई से सैलानियों के प्रवेश पर वर्षाकाल के चलते पाबंदी लग जाएगी। अब लोग यहां 1 अक्टूबर के बाद जंगल सफारी का लुत्फ उठा सकेंगे वन्यजीवों के मिलन के सीजन के साथ ही जंगल के दुर्गम मार्गों और झाड़ियों की वजह से प्रतिवर्ष वन विभाग द्वारा ऐसा किया जाता है। यह पाबंदी 3 माह बाद 1 अक्टूबर को हटाई जाती है जिसके बाद सैलानी अभयारण्य टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी का आनंद लेने पहुंचते हैं। बताया गया है कि टाइगर रिजर्व के लिए यह वर्षाकाल पिछले वर्षों से ज्यादा महत्वपूर्ण माना जा रहा है वर्षा काल में जंगल की निगरानी उतनी मुस्तैदी से नहीं हो पाती है, जितनी वर्ष के अन्य महीनों में होती है। जंगल में घास, झाड़ियों के घने होने और बरसाती नालों. झरनों की वजह से फिसलन बढ़ने से यहां दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है और दायरे में स्थित गांव के लोगों की आवाजाही भी रुक जाती है वर्तमान में रिजर्व में बाघ-बाघिन की संख्या 25 है उधर अभयारण्य में सीमित संसाधन बाघ बाघिन और शावकों सहित अन्य की निगरानी के लिए कॉलर आइडी नहीं होने की वजह से भी अधिकारी चिंतित है क्योंकि बारिश के दौरान निगरानी करने में ज्यादा दिक्कत होती है। रिजर्व के अधिकारियों ने बताया कि अभ्यारण्य तीन दिन बाद 3 माह के लिए पर्यटकों के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। वन्यजीवों को बाहरी दखल से बचाने और एकांत उपलब्ध कराने के लिए प्रतिवर्ष अभ्यारण्यों के कोर एरिया को वर्षाकाल में पूर्ण रूप से बंद किया जाता है। यह वन्यजीवों के मिलन और प्रजनन का भी समय होता है केवल बफर जोन में ही सैलानियों को प्रवेश की अनुमति होती है लेकिन अभ्यारण्य पूरी तरह कोर एरिया में बसा है और इसमें बफर जोन नहीं है। इस वजह से टाइगर रिजर्व में सैलानियों का प्रवेश 1 जुलाई से अक्टूबर तक 3 माह पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। अभ्यारण के अंदर मानसून गश्त होगी। इसके लिए बकायदा रूटचार्ट तैयार हो चुका है और सभी की ड्यूटी लगा दी गई है। इस दौरान हर बीट में गश्त होगी और गश्त के दौरान हर जानकारी का 5 डेटा रखा जाएगा और संदिग्ध गतिविधियां मिलने पर जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी जाएगी।

#### मवेशियों का होगा वैक्सीनेशन

वहीं इस बीच टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने वन्य जीवों को बरसात के मौसम में होने वाली संक्रामक बीमारियों से बचाव पर काम शुरू कर दिया है। बफर जोन में विचरण करने वाले गाय, बैल, भैंस जैसे मवेशियों से वन्य जीवों में बीमारी फैलने का खतरा रहता है दरअसल, बरसात में मवेशियों में एफएमडी यानी फुट एंड माउथ डिजीज होती है इसे खुरपका - मुंहपका रोग भी कहते हैं यह बीमारी एक से दूसरे वन्य जीव में तेजी से फैलती है। गांवों से लगे बफर जोन में आने वाले गाय, बैल, भैंस को वैक्सीन लगाकर इस बीमारी की रोकथाम की जाती है टाइगर रिजर्व से लगे एक किमी एरिया के गांवों के मवेशियों का वैक्सीनेशन कराया जा रहा है।

#### प्रदेश का 7 वां और देश का 54 वा टाइगर रिजर्व

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व प्रदेश का 7वां और देश का 54वां टाइगर रिजर्व है। यहां वर्तमान में 23 से25 बाघ हैं कुछ महीने पहले बाघिन एन-112 ने 4 शावकों को जन्म दिया था। टाइगर रिजर्व दमोह सागर और नरसिंहपुर जिले की सीमा में फैला हुआ है। कोर क्षेत्र 1414 वर्ग किमी, बफर क्षेत्र 925.120 वर्ग किमी है। इसमें नौरादेही का 1390.036 वर्ग किमी और दुर्गावती का 23.97 वर्ग किमी एरिया शामिल हैं यहां बाघ के अलावा, जंगली सूअर, तेंदुआ, भालू और अन्य वन्य जीव जीव हैं अब चीतों को लाने की तैयारी चल रही है। एक साल के अंदर बाघ-चीतों वाला यह देश का पहला टाइगर रिजर्व बन जाएगा।

#### इस बार बढ़े सैलानी, लेकिन अनुमान से कम

वहीं टाइगर रिजर्व में वर्ष 2024-25 में अक्टूबर से मई के बीच कुल 1610 पर्यटक पहुंचे, जबकि पिछले सीजन में यह संख्या लगभग 1200 थी। हालांकि, इस बार अनुमान था कि यह आंकड़ा 2000 से अधिक पहुंचेगा, लेकिन वह पूरी नहीं हो सका इसके पीछे प्रचार-प्रसार की कमी, कमजोर अधोसंरचना और गाइडलाइन की अस्पष्टता को मुख्य कारण माना जा रहा है लेकिन टाइगर रिजर्व प्रबंधन रिजर्व पर विशेष ध्यान ओर निगरानी बनाए हुए हैं वहीं टाइगर रिजर्व में जैव विविधता और विशाल क्षेत्र होने के बावजूद वह राष्ट्रीय स्तर पर अपनी खास पहचान बनाने से अभी भी पीछे है यदि भविष्य में अधोसंरचना, प्रचार-प्रसार और रोमांचकारी अनुभवों पर विशेष ध्यान दिया जाए, तो यह टाइगर रिजर्व भी प्रदेश के प्रमुख पर्यटन केंद्रों में शुमार हो सकता है।

#### इनका कहना है

टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर एए अंसारी ने बताया कि 30 जून से टाइगर रिजर्व पर्यटकों के लिए बंद होने के बाद वैक्सीनेशन का काम से शुरू होगा। बफर जोन से लगे गांवों के मवेशियों के जंगल में आने से इनसे दूसरे वन्य जीवों में बीमारी फैलने का डर रहता है।

## जबेरा विस में नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए 40 नि शुल्क कोचिंग सेंटर खोले जाएंगेः सतेंद्र सिंह



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिग्रामपुर

जबेरा विधानसभा की जनपद जबेरा और तेंदूखेड़ा क्षेत्र में नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए 40 निशुल्क कोचिंग सेंटर खोले जाएंगे। यह जानकारी मंत्री अनुज सत्येंद्र सिंह ने सिंग्रामपुर में आयोजित बैठक में दी। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षा जगत से जुड़े लोगों और पालक शिक्षक समितियों के साथ चर्चा की गई। सिंग्रामपुर क्षेत्र में 7 निशुल्क कोचिंग सेंटर खोले जाएंगे- जिसका शुभारंभ 7 जुलाई से होगा इन केंद्रों पर विद्यार्थी नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर सकेंगे।- राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन में यह कोचिंग सेंटर खोले जा रहे हैं।- मंत्री अनुज सत्येंद्र सिंह ने बताया कि यह कोचिंग सेंटर विद्यार्थियों के लिए लाभदायक होंगे।- उन्होंने पालक शिक्षक समितियों को कार्य योजना की जानकारी देते हुए नवोदय चयन परीक्षा में शामिल होने का सुनहरा अवसर बताया - पालक शिक्षक समितियों का चयन किया गया और उन्हें कार्य योजना के क्रियान्वन की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। बीते वर्ष भी जबेरा विधानसभा में नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए कोचिंग सेंटर खोले गए थे।

## मूलभूत सुविधाओं के अभाव में आमरण अनशन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तेंदूखेड़ा



नगर तेंदूखेड़ा के लगभग हर वार्डो में लोग मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं जिन अधिकारी एवम जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नही दे रहे हैं। तेंदूखेड़ा के वार्ड नम्बर 12 मस्जिद के आगे वाली बस्ती में भी वर्षो से मूलभूत सुविधाओं का अभाव है जिससे आम जनजीवन अस्त ब्यस्त है।इस सब सुबिधाओं की मांग पूरी ना होने के कारण वार्ड12 के निवासी लक्ष्मण रैकवार ने अनुविभागीय अधिकारी तेंदूखेड़ा एवं मुख्य नगर परिषद अधिकारी तेंदूखेड़ा को एक लिखित आवेदन के माध्यम से यह चेतावनी दी कि अगर14जुलाई तक हमारी बस्ती में मूलभूत सुबिधाये नही दी जाती है तो15 जुलाई को लक्ष्मण रैकवार के द्वारा तारादेही तिगड्डे पर आमरण अनशन किया जाएगा।लक्ष्मण रैकवार ने बताया है कि इस बस्ती में लगभग16-17परिवार रहते हैं इसमे ना सड़क है ना नाली है ना बिजली है।हमारे घरों के ऊपर हाईटेंशन लाइन झूल रही है जो कभी भी गिर सकती है लोग करंट की चपेट में आ सकते हैं।सड़क ना होने से वारिश में कीचड़ रहता है जिससे आने जाने में परेशानी होती है।नाली ना होने से सभी के घरों से सेप्टिक टैंक का ओवर फ्लो रास्ते मे हीं निकला है जिससे हमेशा दुर्गंध आती रहती है और गम्भीर बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है।बिजलि का खम्भा300मीटर दूर है इसलिये बिजली लाइन खीचने में भी दिक्कत है।इन सब समस्याओ के लिये पांच सालों में कई दर्जन आवेदन दे चुके हैं और कई बार181 पर भी शिकायते लग चुकी है।लक्ष्मण रैकवार ने बताया है कि वार्ड नम्बर 11 में नगर परिषद ने सड़क बनाई है जहाँ पर कोई ब्यक्ति नही रहता है सड़क इसलिये बनाई गई है ताकि वह खाली जमीन मंहगे दामो में बिक सके यह सड़क नगर परिषद एवम भूमि स्वामी की मिलीभगत से बनाई गई है।इन्ही सब मांगो को लेकर आज शासन को चेतावनी दी है कि अगर14 जुलाई तक हमारी मांगे पूरी नही की जाती है तो15 जुलाई को तारादेही तिगड्डे पर मेरे द्वारा आमरण अनशन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## स्मृतिशेष कवि नेमीचंद बड़कुल को काव्यांजलि अर्पित की




**दमोह।** मध्य प्रदेश लेखक संघ दमोह के तत्वावधान में बाबू नेमीचंद बड़कुल की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर रामकुमार स्कूल में एक काव्यांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता करते हुए ठाकुर नारायण सिंह ने कहा कि बड़कुल जी की कविताओं की विशेषता उनके द्वारा हमारे आसपास के शब्दों के माध्यम से घटनाक्रम की सहज अभिव्यक्ति रही। जिसकी संप्रेषणीयता सहज और सरल थी। मुख्य अतिथि डॉ. रघुनंदन चिले ने कहा की बड़कुल जैसे श्रेष्ठ कवि अपने काव्य सृजन के माध्यम से हम सबके बीच में हमेशा रहेंगे। मुख्य वक्ता प्रोफेसर अनिल जैन ने बड़कुल जी के समकालीन कवियों को उद्धत करते हुए कहा की बाबू राजधर जी जैन, जगमोहन बाजपेई जैसे कवियों के साथ मैं बचपन से बड़कुल जी के काव्य सृजन को देखा है, उनके सृजन में आम आदमी की पीड़ा और समाज में फैलीं विद्रूपता पर प्रहार को स्पष्ट महसूस किया जा सकता है। इस अवसर पर काव्य सुमन अर्पित करते हुए हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष रमेश तिवारी ने उनके पुण्य स्मरण करते हुए कविता पढ़ी ष्खबरें रह गई सभी कुंवारी विज्ञापन से हारीष हिंदी लेखिका संघ की अध्यक्ष पुष्पा चिले ने रचना पढ़ी , कब कहा था तुमसे आंगन भर हो सम्मान, मेरे दीपों से बस चाहा था एक दीप मेरे स्वाभिमान का जलने दो, सदन नेमा ने है बीती रात समय की, उमरिया रह गई, विवेक दुबे ने,उठो वीर हे युवा धीर, कब तक ऐसे सोएगा, गणेश राय ने, महंगाई ने जीव की इच्छाओं को भाट दव। बीएम दुबे ने, ऐसई साल गुजरते जा रये, नहीं सुधर हम पा रये। पिम्मी परिहार ने, जुल्म हम पर वो ढाते जाएंगे, हम भी वाजिद हैं मुस्कुराएंगे। आराधना राय ने, अतीत भविष्य वर्तमान सब ठहरता जाता है, विमला तिवारी कल्याणी ने, बेदर्दी दगा देकर चले गए, ठहरी रही द्वारे पर पकड़े किवार। मनोरमा रतले ने, ये सांस तो हमें रुला रहा, दिल और मन तो कब से टूट गए थे। चंद्रा नेमा ने, आरजू है मेरी थोड़ा,सा प्यार दो। रचना पढ़ी। अमन बड़कुल ने, वो करुण हृदय,उत्तम विचार, उनसे हमारा सम्मान था। वो सहज ,सरल, सुलभ, विरल हिंदी भाषी का कवि महान था,रचना पढ़ी।इसी तरह नरेंद्र अरजरिया और रामकुमार तिवारी ने भी अपने संस्मरण रख काव्यांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राकेश जैन पालंदी, पवन जैन, ओजेंद्र तिवारी, राजेश शर्मा, की विशेष उपस्थिति रही। संचालन कर रहे संस्था अध्यक्ष इंजी अमर सिंह ने भाव सुमन अर्पित करते हुए पावस गीत पढ़ा ,पावस की बूंदे जब आती है ,जीवन उपवन खिलता है ।अमन बड़कुल ने अंत में सभी का आभार प्रकट किया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान वर्ष अंतर्गत समीक्षा बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दमोह

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे द्वारा जनपद पंचायत के सभाकक्ष में जल गंगा संवर्धन अभियान वर्ष 2025 अंतर्गत उपयंत्री, सचिव, ग्राम रोजगार सहायकों की समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें विकासखंड दमोह अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लिये गये समस्त खेत तालाब के लक्ष्य अनुसार 190 कार्यो तथा डगबेल रिचार्ज के 400 कार्यों को 30 जून 2025 के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री फुलपगारे ने बैठक में कम प्रगति वाले ग्राम पंचायत के सचिव नारायण यादव, ग्राम पंचायत सलैया, गोपाल सिंह ठाकुर ग्राम पंचायत मरहाहार ज्वाला प्रसाद चौबे ग्राम पचायंत टौरी, सुदेश यादव ग्राम पंचायत खडेरा महराजसिंह ग्राम पंचायत जमुनियाहजारी एवं रोजगार सहायक गिनधारी विश्वकर्मा ग्राम पंचायत खडेरा नीरज खरे ग्राम पंचायत रंजरा गनेश असाटी ग्राम पंचायत टौरी ओमप्रकाश दीक्षित ग्राम पंचायत जमुनियाहजारी को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किये जाने के निर्देश दिए एवं सचिव कमलेश पटेल ग्राम पंचायत आंकखेडा के लगातार ग्राम पंचायत एवं समीक्षा बैठको से अनुपस्थित रहने तथा अभियान के तहत प्रगति न्यून होने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा चेतावनी देते हुए निर्देशित किया है कि जल गंगा अभियान अंतर्गत समस्त कार्य 30 जून 2025 तक पूर्ण करा लिये जायें।

## झमाझम बारिश के बीच गाजे बाजे के साथ निकली जगत के नाथ भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**रामचरित मानस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित बृजेश महाराज भी हुए शामिल**

**पवई।** माँ कलेही की पावन नगरी में प्राचीनतम मंदिरों में से एक श्री जगदीश स्वामी मंदिर में बीते वर्षों की भाँति इस वर्ष भी बड़े हर्षोल्लास के साथ जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा महोत्सव पूजा अर्चना विधि विधान के साथ विशाल आकर्षण शोभायात्रा अपार श्रद्धा भक्ति भाव ,जयघोष के नारे के बीच ढोल नगाड़ों एवं मधुर बेंड दल के बीच और पुलिस बल के द्वारा सलामी देते हुए रथ यात्रा जगदीश स्वामी मंदिर से प्रारम्भ की गई जगदीश स्वामी मंदिर से रथ यात्रा में श्रद्धालुओं में उत्साह और आस्था देखते ही बन रही थी मंदिरों के नगर में शुक्रवार की शाम को भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा बड़े ही धूमधाम एवं राजसी ठाठ-बाट के साथ निकाली गई भगवान की नयनाभिराम छवि की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं का जनशैलाब जगदीश स्वामी मंदिर परिसर प्रांगण में उमड़ पड़ा नगर के प्राचीन जगदीश स्वामी मंदिर से जब भगवान भाई बलभद्र एवं बहिन सुभद्रा और दूल्हे बने भगवान जगन्नाथ स्वामी की प्रतिमाओं को मंदिर के गर्भगृह से निकालकर उन्हें शाही रथ पर विराजमान किया गया तो वहां भगवान की एक झलक पाने उपस्थित श्रद्धालु भक्त धर्म प्रेमी बड़े भाव विभोर हो उठे और पूरा प्रांगण परिसर - जय जगन्नाथ के जयघोषों से गुंजायमान हो उठा रथयात्रा के दौरान इंद्रदेव भी प्रसन्न हुए और झमाझम बारिश हुई बारिश के दौरान भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नही हुआ बारिश मे भी श्रद्धालु ढोल नगाड़ों की धुन मे नाचते हुये बारात मे सम्मलित रहे।

## नशा निवारण दिवस पर संगोष्ठी एवं पोस्टर वितरण के साथ ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिण्डोरिया




अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस 26 जून को नशीली दवाओं एवं मादक पदार्थों के दुरूपयोग को रोकने हेतु संगोष्ठी का आयोजन सामाजिक संस्था मिशन जन जागृति युवा मंडल द्वारा शिव शिक्षा सदन हाई स्कूल बम्होरी बांदकपुर में किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेरणा गीत के साथ किया गया।इसके बाद कार्यक्रम समन्वयक द्वारा बताया गया कि नशीली दवाओं के दुरूपयोग को रोकने हेतु नशा निवारण दिवस का आयोजन किया जाता है।नशीली दवाओं के दुरूपयोग और मादक पदार्थों की अवैध तस्करी एवं विक्रय के विरुद्ध जागरूक करना है।इस दौरान प्रतिभागियों को राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान नई दिल्ली द्वारा नशा मुक्ति हेल्पलाइन नंबर 1800110031 की जानकारी भी दी गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री डी के दुबे ने कहा कि शिक्षा, जागरूकता एवं सामुदायिक प्रयासों से ही नशीली दवाओं एवं मादक द्रव्यों से मुक्त समाज का निर्माण हो सकता है।इस अवसर पर छात्रों द्वारा भी अपने विचार रख नशीली दवाओं एवं मादक पदार्थों के अवैध विक्रय को रोकने हेतु सुझाव दिए।इस अवसर पर नशीली पदार्थों के दुष्प्रभावों पर आधारित पोस्टर का प्रदर्शन कर नशा मुक्ति का संदेश दिया गया।अंत मे नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर शिवम दुबे,गोविंद शर्मा ,मयंक सोनी,केदारनाथ सेन ,राधिका सोनी के साथ विद्यालय के शिक्षकों की उपस्थिति रही।

### जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक 30 जून को होगी आयोजित

**दमोह।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री वर्मा ने बताया कि जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति(डी.सी.डब्लू.पी.सी) मिशन वात्सल्य, बेटी बचाओं पढाओं योजना, सह किशोर सशक्तिकरण बाल विवाह एवं बाल हिंसा कार्यक्रम अंतर्गत जिला टास्क फोर्स त्रैमासिक बैठक एवं बाल विवाह रोकथाम कार्यक्रम की समीक्षा बैठक का आयोजन 30 जून 2025 दिन सोमवार को दोपहर टी.एल बैठक के पश्चात कलेक्ट्रेट समाकक्ष में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में किया जा रहा है, जिसमें संबंधितो से उपस्तिथि का आग्रह किया है।

## कनिष्ठ अभियंता कर रहे स्मार्ट मीटर संबंधित भ्रांतियां दूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिग्रामपुर

विद्युत वितरण केन्द्र जबेरा में स्मार्ट मीटर लगे एक वर्ष पूर्ण होने जा रहा है उसके बाद भी लोगों में स्मार्ट मीटर के प्रति भ्रांतियां बनी हुई है और इसी के चलते लोगों में आक्रोश भी बना हुआ है जिसे दूर करने जबेरा विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता महेश कुमार महतो ने जबेरा ,कोंरता ,ढुगानी ,कलेहरा ,सिंग्रामपुर ,सिंगपुर मुख्यालयों में जाकर स्मार्ट मीटर के बारे में प्रतिक्रिया लेने जनसंपर्क अभियान चलाया और उपभोक्ताओं को स्मार्ट बिजली ऐप के बारे में समझाया कि कैसे आप घर बैठे ही स्मार्ट बिजली एप के माध्यम से प्रतिदिन की खपत और रीडिंग मोबाइल पर देख सकते है लोगों का भ्रम दूर करने विद्युत विभाग द्वारा सर्विस क्रमांक 1170014378, 1170014226, 1170015026, 1170017043, 1170013744, 1170018673, 1170014782, 1170018529, 1170012669 में चेक मीटर लगा कर दोनों मीटरों की रीडिंग का मिलान किया गया जिसमे दोनों ही मीटरों में रीडिंग बराबर पाई गई इस संबंध में क्षेत्र के लोगों ने संवाद कर स्मार्ट मीटर के बारे मे अपनी राय रखी ,लोगों ने बताया कि पहले हमें लगा कि स्मार्ट मीटर लगने से ज्यादा बिल आएगा लेकिन यह मात्र भ्रम है जबकि सच्चाई यह है कि दोनों मीटर एक से रीडिंग देते है 1 तारीख से महीने की आखिरी तारीख का के रात 12 बजे तक का बिल बनता है जिससे राज्य शासन के ओर से जारी होने वाली सब्सिडी को लेकर भी लोगों में



संतुष्टि है। उपभोक्ताओं का परिसर बंद होने पर भी वास्तविक खपत का बिल सिस्टम से अपने आप बन के आ जाता है क्योंकि स्मार्ट मीटर में रीडिंग लेने के लिए मीटर रीडर को जाना नहीं होता । इसप्रकार बिजली विभाग ने पारदर्शिता बनाये रखने के लिए कार्यालय में आवेदन देकर चेक मीटर भी लगवा सकते है चेक मीटर का काम है कि जिन विद्युत उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की रीडिंग पर संदेह होता है वो चेक मीटर की रीडिंग से मिलान कर खपत में संतुष्टि प्राप्त कर सकता है । कनिष्ठ अभियंता महेश कुमार महतो ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत स्मार्ट मीटर को बाईपास कर विद्युत चोरी करने वाले एवं चोरी से विद्युत हीटरो का उपयोग कर रहे उपभोक्ताओं के विद्युत चोरी के प्रकरण भी बनाए साथ ही ग्रामीण उपभोक्ताओं को हीटर का उपयोग न करने का अनुरोध किया क्योंकि है ट्रांसफार्मर,केबिल के साथ मीटर भी अधिक जल रहे है बिजली की बचत ही बिजली का उत्पादन है , साथ ही उपभोक्ताओं को सोलर रुफ टॉप लगाने के लिए भी प्रेरित किया गया क्योंकि सोलर रुफ टॉप लगाने से बिजली बिल बहुत कम भरना पड़ेगा । विद्युत चोरी संबंधी प्रकरण बनाए जाने का कार्य निरन्तर जारी रहेगा ।

## 18 साल से ऊपर की उम्र के युवा वर्ग अपना ड्राईविंग लायसेंस अवश्य बनवायें-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कह है 18 साल से ऊपर की उम्र के वयस्क जो दो या चार पहिया वाहन चलाना चाहते हैं, तो वह बिना लाइसेंस के वाहन नहीं चला सकते हैं। यह सही समय होता है, जब स्टूडेंट्स कॉलेज में जाते हैं, प्रवेश करते हैं तो उस समय उनके लाइसेंस वहीं से बन जाए इसके लिए कार्यक्रम शुरू किया है, पहले चरण में कॉलेज में छात्राएं हैं क्योंकि छात्राओं के लाइसेंस निशुल्क बनते हैं, उसमें कोई शुल्क नहीं है और आज कल इसके टेस्ट भी ऑनलाइन होते हैं, ऑनलाइन यदि टेस्ट देते हैं, ऑनलाइन सभी युवाओं को आवेदन करना है, ऑनलाइन टेस्ट होता है और यदि उस टेस्ट में युवा पास हो जाते हैं तो ऑनलाइन लाइसेंस भी मिल जाता है। उसको डाउनलोड कर लीजिए और रख लीजिए। उन्होंने कहा यह कार्य पहले चरण में किया जायेगा और थोड़े समय के बाद लगातार बाकी सभी छात्र-छात्राओं के लाइसेंस बनना प्रारंभ हो जाएंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा सभी से आग्रह है कि बिना लाइसेंस के वाहन चलाना खतरे को आमंत्रण देता है, बल्कि अपराध भी है, यह कानूनी दृष्टि से उचित नहीं है, इस संबंध में अभियान चला जा रहा है, इसके अंतर्गत युवा वर्ग अधिक से अधिक संख्या में शामिल हो और अपने लर्निंग लाइसेंस बनवा लें और लाइसेंस बनवाने में किसी प्रकार की दिक्कत आती है, या कोई दलाल या व्यक्ति परेशान करता है, ओवर चार्ज करता है, किसी तरह की समस्या आती है तो दमोह हेल्पलाइन 07812-350300 पर जरूर बताएं। आपकी पूरी मदद की जायेगी लेकिन जुलाई महीने में अधिक से अधिक कॉलेज के स्टूडेंट्स जो आई.टी.आई, पॉलिटेक्निक के स्टूडेंट्स हैं, यह सभी युवा वर्ग अपने लर्निंग लाइसेंस अवश्य बनवा लें।

### रथ खींचने और प्रसाद पाने श्रद्धालुओं में लगी रही होड़, रथयात्रा में भक्तो का जनसैलाब उमड़ा

# भव्यता से निकाली भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भगवान जगन्नाथ स्वामी जी की रथ यात्रा शहर में भव्यता से निकाली गई। मुख्य मार्गो पर रथयात्रा के साथ बड़ी संख्या में जनसमूह जगन्नाथ के भात को हाथ पसारे नजर आया। करीब शाम 6:00 बजे दमोह शहर के हृदयस्थल घंटाघर से श्री हनुमानगढ़ी मंदिर और दूसरी पुराना थाना स्थित जगदीश स्वामी मंदिर से भव्यता के साथ रथ यात्रा निकाली जा रही है। जगन्नाथ स्वामी जी 15 दिन बीमारी के बाद भगवान जगन्नाथ स्वामी भाई बलभद्र जी बहिन सुभद्रा जी के साथ साल में रथ दोज के दिन अपने भक्तों को दर्शन देने निकलते है।कहते है भगवान जगन्नाथ स्वामी जी के दर्शन करने से सभी गृह नक्षत्र सब ठीक हो जाते है। रथ यात्रा भक्ति, परंपरा और दिव्यता का संगम है, रस्सी खींचना मोक्ष का प्रतीक है। यात्रा में भक्तो द्वारा रथ खींचने व भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने की होड़ रही। श्री जगदीश मंदिर पुराना थाना से शाम को रथ यात्रा पुराना थाने टॉकीज चौराहा ,बकौली चौराहा ,घंटाघर ,उमा मिस्त्री की तलैया, बड़े पुल से महाकाली चौराहा, सिटी नल से पुनः पुराना थाना पर रथ यात्रा का विश्राम होगा जहां जगन्नाथ स्वामी अपनी मौसी के निवास पर रुक गये। रथ यात्रा में पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों सहित पुलिस बल मुस्तैद रहा।

### पौराणिक मान्यताएं

बालाजी मंदिर के महंत पंडित हरिराम दास जी ने बताया कि वैसे तो जगन्नाथ रथ यात्रा के संदर्भ में कई धार्मिक पौराणिक मान्यताएं जुड़ी हुई है जिनमें से एक कथा का वर्णन है कि एक बार गोपियों ने माता रोहिणी से कान्हा की रासलीला के बारे में जानने का आग्रह किया। उस समय सुभद्रा भी वहां पर उपस्थित थी। तब मां रोहिणी ने सुभद्रा के सामने भगवान कृष्ण की गोपियों के साथ रासलीला का बखान करना उचित नहीं समझा, इसलिए उन्होंने सुभद्रा को बाहर भेज दिया और उनसे कहां की अंदर कोई ना आए इस बात का ध्यान रखना। इसी दौरान कृष्ण जी और बलराम सुभद्रा के पास पधार गए और उसके दाएं बाएं खड़े होकर मां रोहिणी की बातें सुनने लगे। इस बीच देव ऋषि नारद वहां उपस्थित हुए। उन्होंने तीनो भाई बहन को एक साथ इस रूप में देख लिया। तब नारदजी ने तीनों से उनके उसी रूप में उन्हें देवीय दर्शन देने का आग्रह किया फिर तीनों ने नारद जी की इस मुराद को पूरा किया अतः जगन्नाथ पुरी के मंदिर में इन तीनों के इसी रूप में दर्शन होते हैं।

## उपकाशी में आस्था उमंग के साथ निकाली जगन्नाथ प्रभु की रथयात्रा



**हटा।** बुंदेलखंड की शांत, श्रद्धा और संस्कृति से सराबोर धर्म परायण नगरी उपकाशी हटा में आषाढ़ मास की द्वितीया तिथि पर प्रतिवर्षनुसार श्री जगन्नाथ प्रभु की ऐतिहासिक रथयात्रा संत महात्माओं की उपस्थिति में नगर में देवश्री बालाजी मंदिर से ढोल-नगाड़े के साथ हर्सोल्लास से निकाली गई। शुक्रवार की सुबह मंदिर में भगवान श्रीजगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा का विशेष श्रृंगार कर विधिवत पूजन अर्जुन कर सुसज्जित रथ पर सवार कर उन्हें नगर भ्रमण के लिए रथ पर विराजमान कर प्रभु जगदीश स्वामी जी की रथयात्रा शुरू हुई जो बालाजी जी मंदिर प्रांगण से रतन बजरिया से गौरीशंकर मंदिर पहुंची जहां भगवान जगन्नाथ स्वामी का अल्प विश्राम हुआ एवं उनकी पूजन आरती की गई, तत्पश्चात रथ यात्रा चण्डी जी मंदिर से पेट्रोल पंप की ओर प्रारंभ होते हुए भगवान अपनी जनकपुरी के द्वार तक पहुंचे जहां से पुनः नगर भ्रमण कर तीन बत्ती तिगड्डा प्यासी मुहल्ला राय चौराहा मंदिर मस्जिद चौराहा से बड़ा बाजार बिहारी जी मंदिर होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण पहुंची जहां आरती पूजन कर जगन्नाथ के भात व मालपुआ का प्रसाद वितरण कर समापन हुआ। रथ यात्रा का नगर निर्माण के दौरान नगर में विभिन्न स्थानों चौराहों पर नगर वासियों द्वारा पुष्प वर्षा करते हुए आरती पूजन कर भव्य स्वागत किया गया।

नगर में रथ यात्रा के प्रति युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला, जोश और उत्साह भगवान जगन्नाथ को सुसज्जित रथ में विराजित कर युवा वर्ग रस्से से रथ को खींचते हुए चल रहे थे वहीं सड़कों पर अखाड़े के करतब दिखाते हुए चल रहे थे जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा में बच्चे ढोल धमाके और बैंड बाजे के साथ नृत्य करते हुए भगवान जगदीश के जयकारे लगाते चल रहे थे। यात्रा में नगर सहित आसपास के गांव से बड़ी संख्या में भक्तजन सम्मलित हुए। रथ यात्रा में वृंदावन धाम से पधारे संत महात्मा रथ पर सवार होकर चल रहे थे साथ में बालाजी मंदिर के महंत पंडित हरिराम दास जी रामगोपाल जी महंत श्रीश्यामदास जी महाराज व हजारों की संख्या में भक्तगण के अलावा नगर व ग्रामीण भक्तजनों की बड़ी संख्या उपस्थित रही।

## रैपिड एक्शन फोर्स थानों में जाकर कर रही परिचय अभ्यास



**दमोह।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार रैपिड एक्शन फोर्स (आर.ए.एफ.) की बी/107 बटालियन को एक प्लाटुन श्री जगदीश प्रसाद बलाई कमाण्डेन्ट 107 बटा० के आदेशानुसार अभिषेक कुमार यादव (सहा० कमा०) के नेतृत्व में दिनाक 26 जून से 01 जुलाई 2025 तक जिला दमोह (मध्य प्रदेश) के सभी थानों में जाकर परिचय अभ्यास कराया जा रहा है। अभिषेक कुमार यादव (सहा० कमा०) के द्वारा यह जानकारी दी गई है। कि इस दौरान प्लाटून में राजपत्रित अधिकारी 01 अधिनस्थ अधिकारी 12 अन्य सैनिक 32 कुल 45 उपस्थित है। रैपिड एक्सन फोर्स का गठन दिनाक 07/10/1992 को किया गया। भारत सरकार दवारा रैपिड एक्सन फोर्स का गठन करने का उददेश्य दंगा या दंगों जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिया किया गया है जो कि कम से कम समय में दंगे वाली जगह पर पहुँचकर परिस्थितियों को देखते हुए परिस्थिति के अनुरूप कार्य करके परिस्थितिर्या से निपटा जा सके। इसलिए रैपिड एक्सन फोर्स की 01 कम्पनी को प्रत्येक दिन तीव्र प्रतिवाचन के लिए तैनात किया जाता है ताकि किसी भी जिले में किसी प्रकार की आकस्मिक घटना होने पर घटना वाले स्थान पर तुरन्त पहुँचा जा सके। रैपिड एक्सन फोस की 16 बटालियन भारत के विभिन्न प्रदेशो के अलग-अलग जिलों में तैनात है वर्तमान में 107 बटालियन रैपिड एक्सन फोर्स को जिला दमोह मध्य प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए तैनात किया गया है। रैपिड एक्सन फोर्स के इस परिचत अभ्यास के आयोजन की जानकारी देते हुए श्री अभिषेक कुमार यादव (सहा० कमा०) ने बताया कि परिचय अभ्यास के दौरान थाना पथरिया जिला दमोह (मध्य प्रदेश) की भौगोलिक सामाजिक, धार्मिक एंव राजनैतिक इत्यादि जानकारिया एकत्रित करने तथा क्षेत्र की जनसंख्या साक्षरता दर आसामाजिक तत्यो सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील व अतिसंवेदनशील ईलाकों एवं बलवाईयो दंगाईयों की सूचि तैयार की जायेगी तथा अविष्य में किसी प्रकार की कोई घटना या साम्प्रदायिक तनाव एवं दंगा की स्थिति निर्मित होने पर व किस प्रकार से उस पर नियंत्रण किया जाये आदि सभी का गहन अध्ययन किया जायेगा। आज बल के जवानों द्वारा थाना पथरिया का क्षेत्रीय परिचय अभ्यास किया गया जिसके दौरान संवेदनशील ईलाको में फ्लेग मार्च किया गया। इस परिचय अभ्यास का उददेश्य जिले के सिविल प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के साथ सामंजस्य बनाये रखना विपरीत परिस्थितियों में कार्य करना है जिससे आमजन मानस में प्रशासन एवं पुलिस पर विश्वास बना रहे।

### अटेंडेंस के विरोध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन आज

**दमोह।** अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में माननीय मुख्यमंत्री जी को ई- अटेंडेंस का आदेश वापिस लेने के सम्बद्ध में ज्ञापन दिनांक 28 जून 2025 शनिवार समय 4 स्थान कलेक्ट्रेट कार्यालय में सौंपा जाएगा जिसमें सभी अधिकारी कर्मचारी में सादर आमंत्रित है। ज्ञापन की पूर्व तैयारी के लिए जे.पी.बी.स्कूल में 27 जून को अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिले के सभी संघों के जिला अध्यक्ष एवं सभी संघों के पदाधिकारी उपस्थित रहे निवेदक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा दमोह ने किया।

## किसानों को निःशुल्क सोयाबीन का किया वितरण



**हिनौताकलां।** कृषि विभग हटा के कार्यालय में राष्ट्रीय खाद्य मिशन ऑन ईडिबल आयल तिलहन एन एम ईओ के अतर्गत श्री कृष्ण कन्हैया किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड द्वारा सामान्य अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति महिला कृषक लघु एवं सीमांत किसानों को निःशुल्क सोयाबीन का वितरण किया गया। हटा क्षेत्र की विधायक उमा देवी खटीक ने वितरण केंद्र पर पहुंचकर हितग्राहियों को सोयाबीन कावितरण कर कर्मचारियों से कहा कि जितने हितग्राही किसान यहां उपस्थित हैं। सभी किसानों को बिना भेदभाव के बीज का वितरण करें कंपनी केसीईओ कन्हैया लाल पटेल ने बताया कि 100रू सदस्यता शुल्क लेकर छोटे किसान को 30 किलो की बोरी एवं सीमांत किसान को 30 किलो भरती की दो बोरी दी जा रही है। कृषि विभागद्वारा एक बोरी पर 400 रू का जिंक दिया जा रहा है एवं दो बोरी पर 1100 रूपये का एवं जिंक दिया जा रहा है। वितरण केंद्र पर जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी एमपी सिरवैया, पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेंद्र चौकरया, खेमचंद पटेल, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हरिनारायण चौकरया, महेश्वर सिंह परिहार, विक्रम भाई समस्त कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति रही।

## चैक बाउंस के आरोपी को 3 माह का कारावास व जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

न्यायालय अनुप्रेक्षा जैन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दमोह द्वारा चैंक बाउस के मामले में आरोपी को दोषी मानते हुये 3 महा का कारावास एवं 146680 रूपये क्षतिपूर्ति राशि दिये जाने दण्डादेश पारित किया। मनीष चौबे अधिवक्ता ारा बताया गया कि मामला इस प्रकार है कि परिवादी शान्तनु सोनी पिता मदन सोनी आयु 37 वर्ष काटन काउन्टी के पास पलंदी चौराहा आरोपी उमेश अहिरवाल पिता नर्मदा अहिरवाल आयु 34 वर्ष निवासी इमलाई थाना दमोह देहात म.प्र. शान्तनु स्वयं ठेकेदार था उसके अधीनस्थ आरोपी कार्य करता था उनहीं मधुर संबंध के कारण आरोपी माह जुलाई 2021 में व्यक्तिगत आवश्यकता को बताकर शान्तनु से 120000 रूपये उधार मांगे परिवादी ने संबंधो के कारण आरोपी की आवश्यकता को 120000 रूपये उधार दिये कुछ दिन बाद परिवादी ने रूपये आरोपी से मांगे तो उसने 120000 रूपये का एकयेक परिवादी को कापोरेशन बैंक शाखा दमोह का एक चेक प्रदान कर दिया जब परिवादी ने जब चैक बैंक में लगवाया तो बैंक में राशि नही होने से परिवादी को रूपये नहीं मिले और चैंक बाउंस हो गया परिवादी ने इसकी सूचना आरोपी को दी परंतु सूचना के बाद भी आरोपी ने रूपये नहीं दिये तो परिवादी ने आरोपी के विरूध न्यायायल में केश लगा दिया न्यायालय में दोनो पक्षों की साक्ष्य होने के बाद तक को सुनकर आरोपी उमेश अहिरवाल पिता नर्मदा अहिरवाल को परिवादी शान्तनु को उधार रूपये नहीं देने और खाता में पैसा नहीं होने के बाद ही चैक जारी करने का दोषी मानते हुये 3 माह का कारावास 6 प्रतिशत ब्याज की दर से क्षतिपूर्ति 196680 रूपये क्षतिपूर्ति में दिये जाने का आदेश पारित किया। मामले में परिवादी की ओर से पैरवी अधिवक्ता मनीष चौबे ने की।

## किसानों को 280 मिनी किट निशुल्क वितरित



**तेजगढ़।** तेंदूखेड़ा जनपद की तेजगढ़ ग्राम पंचायत भवन में कृषि विभाग द्वारा 27 जून 2025 को उर्दा मिनी किट बीज किट वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जनप्रतिनिधि और किसानों महिलाओं ने भाग लिया। मंडल अध्यक्ष संग्राम सिंह और जनप्रतिनिधियों ने 280 मिनी किट निशुल्क वितरण कि और कृषि विस्तार अधिकारी पिंकू अहीरवाल, दुर्गेश पटेल ने उपस्थित व्यक्तियों को कृषि और बोनी करने के संबंध में बताया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संग्राम सिह, जनपद सदस्य हरि सिंह यादव, अध्यक्ष हीरा सिंह, बेड़ी सिह, सदर सरपंच प्रतिनिधि विनंजय जैन, सरपंच जाहर सिंह, भोजराज जैन, ऋषि दीक्षित उपाध्यक्ष, राजकुमार साहू, प्रेम सिंह वेदपाल सिह और कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि कृषक और महिला रही।

## लोगों के मन में स्मार्ट मीटर को लेकर भ्रांतियां है, भ्रांतियों को दूर करना विभाग का दायित्व-कलेक्टर

**दमोह।** पिछले कुछ दिनों से स्मार्ट मीटर को लेकर जन सुनवाई में मेरे पास आवेदन आए है और कुछ आवेदन अभी आए है । इस संबंध में स्मार्ट मीटर को लेकर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा है, लोगों के मन में कई चीजों को लेकर भ्रांतियां है, भ्रांतियों को दूर करना विभाग का दायित्व है तो इसका बेहतर तरीके से प्रचार प्रसार किया जाये कि स्मार्ट मीटर किस तरह से जनता व उपभोक्ता के फायदे में है। स्मार्ट मीटर के बारे में जो प्लस पॉइंट्स है वह सब बताये जाएं, यह भी बताया जाये लोगों को की क्यों लगाया जा रहा है, इसको लगाने का क्या उद्देश्य है, क्यों रिपलेश कर रहे है और इससे क्या फायदे है ताकि सही बात लोगों तक पहुंचे। किसी प्रकार का भ्रम न रहे, मीटर के कारण किसी प्रकार से कोई कोई गड़बड़ी हुई है या किसी प्रकार की कोई त्रुटि के कारण लोगों को ज्यादा बिल आ रहे है, तो उनकी छानबीन बहुत अच्छे तरीके से की जाये ताकि किसी उपभोक्ता को अनावश्यक बिल का बोझ वहन ना करना पड़े। इस संबंध में निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जल्द ही इस विषय के ऊपर एक पत्रकार वार्ता आयोजित की जायेगी, जिसमें एक पूरा प्रेजेंटेशन सभी पत्रकार भाईयों को दिया जाएगा कि स्मार्ट मीटर कैसे काम करता है, इसमें बिलिंग कैसे होती है, यह कैसे फायदेमंद है और इसके साथ क्या-क्या इश्यूस है, सारी चीजों के ऊपर एक प्रेजेंटेशन दिया जाएगा और उसके बाद फिर उपभोक्ता की अपनी जिज्ञासाएं है, विभाग के सामने रख सकते है और उसका समाधान करके मीडिया के माध्यम से चीजें जनता तक पहुंचाने का प्रयास भी किया जाएगा। यदि ऐसी कोई भी समस्या है तो उसको सुधार करने के लिए और इन शिकायतों के निवारण के लिए तत्पर रहेंगे।

### जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा धूमधाम से निकाली



**बनवार।** भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में धूमधाम से निकाली गई। इस दौरान मंदिर के प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक और पुजारियों ने पूजन पाठ किया और भगवान को रथ पर विराजमान कर नगर भ्रमण के लिए निकाला। रथ यात्रा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में भक्त मौजूद थे, जो जगह-जगह भगवान के दर्शन और पूजन कर रहे थे। बांदकपुर धाम में इस तरह के धार्मिक आयोजन अक्सर होते रहते हैं और यहाँ की धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता को दर्शाते हैं।

# प्रीपेड स्मार्ट मीटर से बढ़ रहे बिजली बिलों के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

### विद्युत उपभोक्ता मंच एवं दमोह वासियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

इन दिनों विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा प्राइवेट ठेकेदारों के माध्यम से व्यापक स्तर दमोह के शहरी एवं विकासखंड क्षेत्र में बड़ी संख्या में प्रीपेड़ स्मार्ट मीटर बदले गए लोगों का कहना है कि यह मीटर बिना उनकी सहमति के बदले गए हैं जबकि दूसरी ओर मीटरो के बदले जाने के लिए किसी भी तरह की प्रशासनिक स्वीकृति नहीं ली गई ना ही किसी न्यायपालिका से इन्हें बदलने के लिए मंजूरी दी है फिर भी 35 हजार उपभोक्ताओं में से 29 हजार उपभोक्ताओं के मीटर जबरन बदले गए संपूर्ण जनता में बढ़े हुए बिजली के बिलों को लेकर रोश है मध्यम वर्गीय एवं निम्न वर्गीय परिवारों में विद्युत विभाग से आने वाले बिलों के चलते परिवार की खर्चों पर काफी प्रभाव पड़ा है देखा जा रहा है कि जिन परिवारों की आय 5 हजार महीना है उन के बिल 2 हजार से अधिक आए हैं ऐसे में जनता को गुजर वसर करने में काफी परेशानियों का सामना हो रहा है बांदकपुर निवासी एक महिला ने बताया कि वह 50 रूपये दिन की बीड़ी बनती है और उसका बिल 24 हजार आया है वहीं दूसरी ओर एक महिला ने बिल भरने के लिए अपने मंगलसूत्र को गिरवी रख.. सोशल मीडिया के माध्यम से एक मोहिम चलाई गई जिसने अब एक बृहद रूप ले लिया है। कृष्णा सोनी ने कहा कि विगत दिनों विद्युत विभाग द्वारा संपूर्ण जिले में 35 हजार स्मार्ट मीटर के लक्ष्य के साथ प्राइवेट ठेकेदारों के माध्यम से लगभग 29 हजार मीटर बदले, लगभग 1 माह इन मीटरों का बिल उपभोक्ताओं को सही आया परंतु दूसरे माह से इन मीटरो का बिल 5 गुणा से ज्यादा आने लगा जिसपर विभाग द्वारा कोई सुनवाई नहीं हो रही है। लालचंद राय ने कहा कि युवाओं के माध्यम से दमोह की महत्वपूर्ण मांग कि जो प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाये गये हैं उसके मांग बिजली बिल की राशि अत्याधिक आ रही है जिससे गरीब मध्यम वर्ग से लेकर शासकीय एवं अशासकीय सभी लोग परेशान है। हमारी मांग है कि प्रीपेड मीटर को हटा कर पुराने मीटर लगाये जाये।

समाज सेवी मनोज देवलिया ने कहा कि मानवीय आधार पर भी सोचना चाहिए कि पूर्व में जिस तरह बिजली की खपत होती कि उसकी अपेक्षा वर्तमान में कम मात्रा में बिजली की खपत होती है क्योंकि पहले 100 वाट का बल्ब जलाया जाता था जो अब केवल 12 वाट की सीएफएल लगती है और पहले पंख 120 वाट का लगाया जाता था वह भी 60 वाट का लगाया जा रहा है इस तरह बहुत सी चीजों में बिजली की खपत कम हो गई है परंतु पहले की अपेक्षा बिजली बिल बहुत अधिक आ रहे है यदि हमारी मांगे नहीं मानी जाती तो बहुत बड़ा आंदोलन दमोह में होगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन कलेक्टर एवं मुख्यमंत्री की रहेगी वर्तमान में आपातकाल के 50 वर्ष मनाया जा रहा है तो आज भी तानाशाही चल रही है मुफ्त राशन एवं लाडली बहन में कुछ राशि देकर हजारों रूपये के बिजली बिलों के माध्यम से जनता को परेशान किया जा रहा है। आलोक मुखरैया ने कहा कि ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से यह मांग की गई है कि प्रीपेड बिलों में जो बढ़े हुए बिजली बिल आए हैं उनकी जांच की जाए जिस तरह पहले हजार रुपए लगभग बिल आता था आज वह करीब 10 हजार रू बिल आने लगा है इसका मतलब यह है कि लगभग 5 से 7 गुना बिल अधिक आ रहा है तो हमारी मांग यही है कि प्रीपेड मीटर को बदल जाए। ज्ञापन सौंपते समय बड़ी संख्या में दमोह वासियों की उपस्थिति रही।

# मस्त रहना ही मनुष्य का मूल स्वाभाव व जीवन का महामंत्र-हिज हॉलिनेस गुरूदेव श्री अतीत जी

### प्रधान जिला न्यायाधीश पीसी गुप्ता ने ध्यान व प्राणायाम के महत्व से अवगत कराया योग, ध्यान एवं प्राणायाम के सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा वर्ष 2025-26 में दिये गये निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष पी.सी.गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में योग दिवस एवं नशा मुक्ति अभियान का साप्ताहिक शिविर नवीन जिला न्यायालय परिसर दमोह में संपन्न हुआ। 21 जून से 27 जून तक सात दिवसीय योग, ध्यान एवं प्राणायाम शिविर में दिव्य शांति, प्रेम, आनंद, ध्यान, भक्ति, आध्यात्मिक ज्ञान और उत्सव के शाश्वत प्रणेता हिज हॉलिनेस गुरूदेव श्री अतीत जी ने प्रतिभागियों को योग, ध्यान व प्राणायाम के साथ श्वास के प्रवाह पर नियंत्रण व सुदर्शन क्रिया का अभ्यास कराया गया। शिविर में न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, प्रशासनिक अधिकारीगण तथा न्यायालयीन स्टॉफ ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर समापन के अवसर पर हिज हॉलिनेस गुरूदेव श्री अतीत जी ने कहा मस्त रहना ही मनुष्य का मूल स्वभाव व जीवन का महामंत्र है और हर व्यक्ति के जीवन में सघर्ष है, इसलिए जिस समस्या को हल करने के प्रयास में समस्या बढ़े तो ऐसी समस्या को छोड़कर आगे बढ़ना चाहिए। यह भी बताया कि समस्या पर ध्यान देने के बजाय समस्या के निदान पर ध्यान केंद्रित करने से अपने आप सब ठीक हो जायेगा। गुरूदेव श्री अतीत जी ने यह भी बताया कि प्रत्येक क्षण को पूर्ण आनंद के साथ जीना ही मूलतः जीवन जीने की कला, साधना, सत्संग, सेवा व स्वाध्याय मनुष्य के जीवन को मौन की ओर ले जाता है जिससे पूर्ण आनंद की प्राप्ति होती है। जीवन जीने की कला के बारे में यह बताया कि अपेक्षा रहित जीवन ही खुशी का मूल आधार है, विरोधी मूल्य एक-दूसरे के पूरक हैं, इसलिए सदैव अस्तित्व में रहते हैं और दायित्व के निर्वहन से ही मनुष्य को शक्ति प्राप्त होती है। गुरूदेव श्री अतीत जी ने उपस्थित प्रतिभागियों से कहा कि योग, प्राणायाम व ध्यान को अपने जीवन में शामिल कर पूर्ण आनंद प्राप्त किया जा सकता है।

इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष पी.सी.गुप्ता ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए योग, ध्यान व प्राणायाम के महत्व से अवगत कराया। उक्त कार्यक्रम के समापन के अवसर पर न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, प्रशासनिक अधिकारी, योग शिक्षक, न्यायालयीन स्टॉफ, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के सचिव, जिला विधिक सहायता अधिकारी व स्टॉफ उपस्थित रहे।